www.eenadupratibha.net

2012

**C**

# DSC Hindi Pandit

## Held on 27-08-2012

**Time : 2 Hours, 30 Minutes** | **Max. Marks : 160**

**समय : 2 घंटे, 30 मिनट** | **कुल अंक : 160**

**Instructions to the candidates :**

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. Write your Hall Ticket number in the box provided at the left side of the booklet immediately after receiving the Test Booklet.
   परीक्षा पुस्तिका पाने के तुरंत बाद बायीं ओर दिये गये बक्से में अपनी प्रवेश पत्र संख्या (Hall Ticket No.) लिखिए ।
2. Check whether the Test Booklet contains as many pages as are printed on the top of this page.
   इस पृष्ठ पर ऊपर लिखी गयी पृष्ठों की संख्या को परीक्षा पुस्तिका के पृष्ठों की संख्या से जाँच लिजिए ।
3. Check whether all pages are printed properly. Do not remove any pages from the Test Booklet.
   जाँच लिजिए की सभी पृष्ठ ठीक से मुद्रित हैं । परीक्षा पुस्तिका में से कोई भी पृष्ठ अलग मत कीजिए ।
4. Indicate your answers on the given OMR answer sheet only. Read the instructions given on both sides of the OMR answer sheet and follow them accordingly. Do not write the answers in the Test Booklet.
   आपका उत्तर दिये गये OMR उत्तर पत्र में ही दर्शाइये । OMR उत्तर पत्र के दोनों तरफ दिये गये निर्देशों को ध्यान से पढ़िये और तदनुसार उसका अनुसरण कीजिए । परीक्षा पुस्तिका में उत्तर मत लिखिए ।
5. This Test Booklet consists of 160 multiple choice questions. Answer all questions. Each question carries one (1) mark only.
   इस परीक्षा पुस्तिका में 160 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । हर एक प्रश्न के लिए एक (1) अंक निर्धारित है ।
6. Do not do any rough work in the Test Booklet. Use only the white paper provided at the end of the question booklet for rough work.
   परीक्षा पुस्तिका में रफ कार्य मत कीजिए । रफ कार्य के लिए परीक्षा पुस्तिका के अंत में दिये गये पृष्ठ का ही उपयोग कीजिए ।
7. After completion of the examination, hand over the OMR answer sheet to the Hall Superintendent without fail.
   परीक्षा की समाप्ती पर OMR उत्तर पत्र कक्षनियंत्रक को अवश्य सौंप दीजिए ।
8. Candidate will not be permitted to leave the examination hall till the completion of the stipulated examination time.
   परीक्षार्थी को अनुबंधित परीक्षा समय के पूर्ण होने के पहले परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

www.eenadupratibha.net

C

## PART-I
## GENERAL KNOWLEDGE AND CURRENT AFFAIRS

**1.** अंटार्क्टिक क्षेत्र पर हर वर्ष ओज़ोन-छिद्र इस समय बनता है –

(1) सितबर से नवंबर तक

(2) मार्च से मई तक

(3) जून से अगस्त तक

(4) दिसंबर से फरवरी तक

**2.** ऑस्ट्रेलियन – ओपन महिला सिंगल्स 'लॉन टेनिस ख़िताब' सन–2012 जनवरी में जीत कर मिस विक्टोरिया अज़रेका इस विश्वस्तरीय श्रेणी पर पहुँची ।

(1) 3 री

(2) 2 री

(3) 1 ली

(4) 4 थी

**3.** यदि भारत 13 जनवरी 2012 को प्राप्त 'नो केस आफ वाईल्ड पोलियो' की स्थिति को ...... वर्षों तक निरंतर बनाये रखता है, तो उसे पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित किया जायेगा ।

(1) 5

(2) 3

(3) 1

(4) 2

**4.** विद्युतीय उपकरणों के तीन केन्द्रीय लचीला केबल में पीला रंग रोधन तार इसके लिए है –

(1) तटस्थ संयोजन (neutral connection)

(2) जीवित संयोजन (live connection)

(3) तीनों संयोजनों में कोई एक

(4) भूमि संयोजन (earth connection)

**5.** हमारे संविधान के अनुसार भारत की राष्ट्रभाषा है –

(1) संस्कृत

(2) हिन्दी

(3) संविधान के अनुसार किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की मान्यता प्राप्त नहीं ।

(4) अंग्रेजी

**6.** इनमें से कौनसा धातु चुंबकीय नहीं है ?

(1) कॉपर

(2) कोबाल्ट

(3) आइरन (लोहा)

(4) निकेल

**7.** रक्तरंजकता (Haemochromatosis) रोग इस कारण से होता है ।

(1) वायरल संक्रमण

(2) लोह की अधिकता

(3) कुपोषण

(4) प्रोटीन असंतुलन

www.eenadupratibha.net


8. चारमिनार और गोलकोंडा किले का संरक्षक है –
(1) भारत सरकार का पर्यटन विभाग
(2) आँध्र प्रदेश सरकार का पर्यटन-विभाग
(3) आँध्र प्रदेश का पुरातत्व और संग्रहालय विभाग
(4) भारत का पुरातत्व विभाग

9. सन जनवरी 2012 के पद्मविभूषण उपाधि के विजेता –
(1) शबाना आज़मी
(2) होमी के. भाभा
(3) स्व. भूपेन हज़ारिका
(4) प्रियदर्शन

10. निम्न में से लोक अदालत से संबंधित एक कथन सही नहीं हैं ।
(1) लोक अदालत की आज्ञा के विरोध से अपील संभव नहीं ।
(2) लोक अदालत झगड़ों को मुफ़्त में सुलझाती है ।
(3) लोक अदालत झगड़ों को समझौते के माध्यम से सुलझाती है ।
(4) नियमित न्यायालय में दर्ज़ अनुरोध पत्र लोक अदालत में दर्ज़ नहीं हो सकता ।

11. कॉमनवेल्थ बैंक सीरीज़ क्रिकेट टूर्नामेंट का आतिथेय (Host) देश है ।
(1) इंग्लैंड
(2) आस्ट्रेलिया
(3) कोई भी देश
(4) भारत

12. पश्चिमी तट पर 'जैतापूर' और पूर्वी तट पर 'कुदानकुलम' को स्थानीय जनता का आन्दोलन इस कारण से झेलना पड़ रहा है ।
(1) SEZ की घोषणा के द्वारा खेतीहर भूमि पर कब्जा हेतु ।
(2) न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना हेतु ।
(3) जलसंबंधी अध्ययन करने के लिए विदेशी देशों को वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं के लिए भूमि अनुदान (granting) करने हेतु ।
(4) भारतीय नौ-सेना द्वारा नौ-सेना की नींव की स्थापना हेतु ।

13. अधिक तेज़ी से चक्कर लगानेवाला ग्रह –
(1) बुध
(2) बृहस्पति
(3) शनि
(4) पृथ्वी

**14.** 1565 के युद्ध में सुलतानों द्वारा मारा गया विजयनगर का वह नेता जिसकी मृत्यु के बाद विजयनगर साम्राज्य का विनाश हुआ ।

(1) अच्युताराय

(2) अलिया रामाराय

(3) वेंकटराय

(4) नरसिंहराय

**15.** निम्न में से एक कथन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण-रोजगार प्रत्याभूति कानून से संबंधित है ।

(1) रोज़गार चाहनेवाले के पास हर वर्ष की रोजगार योजना की निश्चित सूची होनी चाहिए ।

(2) निवास स्थान से कार्यस्थल एक किलोमीटर के अर्धव्यास (Radius) में हो ।

(3) उद्योग में महिलाओं को 30% रोजगार दिया जायं ।

(4) हर निवासस्थान के लिए एक पर्यवेक्षक हो ।

**16.** 27, दिसंबर 2011 को भारत और पाकिस्तान ने इससे संबंधित दो मुख्य समझौतों की वैधता को पाँच वर्ष के लिए बढ़ाया ।

(1) प्रक्षेपास्त्र परीक्षण

(2) द्विपक्षीय व्यापार

(3) रेल कनेक्टीविटी

(4) सीमा-पार आतंकवाद

**17.** 'प्रयाग' जो गुप्तों से शासित था । आज इस नाम से जाना जाता है ।

(1) इलाहाबाद (2) अयोध्या

(3) वाराणसी (4) दिल्ली

**18.** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान होनेवाली वह पहली राष्ट्रीय गतिविधि जिसमें महिलाओं ने बहुत अधिक संख्या में भाग लिया -

(1) भारत छोड़ो आन्दोलन

(2) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(3) साइमन कमीशन

(4) असहयोग आन्दोलन

**19.** निम्न में से एक ई-7 (सेवन एमरजिंग मार्केट्स) का सदस्य नहीं है ।

(1) ब्राज़िल

(2) भारत

(3) जापान

(4) रूस

**20.** 1944 में, निम्न में से एक ने यह सुझाया है कि जनमत-संग्रह (plebiscite) द्वारा निर्णय किया जाय कि उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत के निवासी हिन्दुस्तान से पृथक होना चाहते हैं या नहीं ।

(1) मोहम्मद इकबाल

(2) मोहम्मद अली जिना

(3) राजगोपालाचारी

(4) वल्लभभाई पटेल

www.eenadupratibha.net

## PART-II
## PERSPECTIVES IN EDUCATION

**21.** हास्तोग कमिटी (1929) ने इसको प्राथमिक शिक्षा का मुख्य अवरोधक माना है ।

(1) पेय जल की सुविधा की कमी

(2) शौचालय कक्षों की कमी

(3) अवरूद्धता एवम् व्यर्थता

(4) विद्यालय भवनों की कमी

**22.** मानदण्ड के अनुसार अवरोध मुक्त पर्यावरण के निर्माण के लिए, हर विद्यालय के पास यह ढाल होनी चाहिए ।

(1) पहली पीढ़ी के छात्र

(2) ग्रामीण बच्चे (छात्र)

(3) विशिष्ट आवश्यकताओंवाले बच्चे

(4) कमजोर वर्ग

**23.** यह एक विद्यालय प्रबन्धन कमिटी की जिम्मेदारी है ।

(1) शिक्षकों का प्रशिक्षण

(2) पाठ्यपुस्तकें बनाना

(3) शिक्षक सहायक-पुस्तिकाएँ उपलब्ध कराना

(4) विद्यालय के विकास की योजना

**24.** शिक्षा .......... है ।

(1) ज्ञान

(2) साक्षरता

(3) मतारोपण

(4) जीवनपर्यन्त चलनेवाली प्रक्रिया

**25.** इस योजना द्वारा विद्यालयों में छात्र नामांकन, उपस्थिति दर में बढ़त और गाँवों में नारी सशक्तिकरण के लिए भी सहायता मिली –

(1) राष्ट्रीय ग्रामीण निश्चित रोज़गार योजना

(2) साक्षर भारत

(3) मध्याह्न भोजन

(4) जननी सुरक्षा योजना एवम् सुखीभव: योजना

**26.** सामाजिक उपयोगिता उत्पादक कार्य (SUPW) की सिफारिश पाठ्यक्रम के एक घटक के रूप में इसके द्वारा की गई है –

(1) माध्यमिक शिक्षा कमीशन – 1952–53

(2) ईश्वरभाई पटेल कमिटी – 1977

(3) आदि शेषय्या कमीशन – 1978

(4) कोठारी कमीशन – 1964–66

www.eenadupratibha.net

**27.** 2009 का साक्षर भारत इस पर केन्द्रित है -

(1) विशिष्ट बच्चों के लिए शिक्षा

(2) सबके लिए शिक्षा

(3) प्रौढ़ साक्षरता विशिष्ट रूप से नारी शिक्षण पर केन्द्रित करती हुई

(4) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा

**28.** भारत में वैश्वीकरण (Globalization) प्रक्रिया का प्रारम्भ इस वर्ष में हुआ ।

(1) 1947 (2) 1991

(3) 1986 (4) 1950

**29.** 'बालक केन्द्रित' शिक्षण शास्त्र का अर्थ बालक के इस गुण को प्राथमिकता देना है -

(1) चरित्र

(2) पालनपोषण

(3) बुद्धिमत्ता

(4) अनुभव

**30.** एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार पूर्ण भाषायी योग्यताओं के विकास के लिए रचनात्मक भाषा शिक्षक द्वारा कक्षा में प्रयोग की जा सकनेवाली युक्ति है -

(1) मातृभाषा

(2) प्रान्तीय भाषा

(3) बहुभाषावाद

(4) शिक्षा का माध्यम

**31.** 'साथी व्यक्तियों के साथ, सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक गुणवत्ता जागृत न कर सकनेवाली शिक्षा, शिक्षा नहीं कहलाती है' यह कथन है -

(1) माध्यमिक शिक्षा कमीशन 1952-53

(2) शिक्षा कमीशन, 1964-66

(3) शिक्षा की राष्ट्रीय नीति - 1986

(4) चट्टोपाध्याय कमीशन - 1984

**32.** 'आमुखिक' (डिस्फेसिया) इससे सम्बधित है -

(1) लिखने की अयोग्यता

(2) पढ़ने की अयोग्यता

(3) अंकगणित की अयोग्यता

(4) बोलने की अयोग्यता

**33.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम - 2009 (RTEA) के अनुसार मानक एवं मानदंडों के तहत विद्यालय में एक सप्ताह में शिक्षकों की न्यूनतम कार्य-अवधि होनी चाहिए -

(1) तैयारी के घंटों को छोड़कर चालीस शिक्षण घंटे

(2) तैयारी के घंटों को छोड़कर पैतालीस शिक्षण घंटे

(3) तैयारी के घंटों को मिलाकर पैतालीस शिक्षण घंटे

(4) तैयारी के घंटों को मिलाकर चालीस शिक्षण घंटे



www.eenadupratibha.net

34. एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार स्वास्थ्य एवम् शारीरिक शिक्षा को इस स्तर पर विकल्प का विषय माना जा सकता है ।

(1) उच्च प्राथमिक

(2) प्राथमिक

(3) उच्च माध्यमिक

(4) माध्यमिक

35. उत्तम प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षण कार्यक्रमों का विवेचनात्मक सम्बन्ध इनसे हैं –

(1) प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का नामांकन और उनकी अधिगम उपलब्धियाँ

(2) सीखने के तीन आर्स (3 R's)

(3) बालिकाओं को छोटे भाई-बहन की देखभाल से मुक्त कराना

(4) कार्यकारिणी माताओं की मदद

36. निम्न में से एक अध्यापक सशक्तिकरण युक्ति नहीं है

(1) पाठशाला समुदाय की बैठकें

(2) जिला अंग्रेजी संचार समूह का प्रवेश

(3) अध्यापकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति का परिचय

(4) पाठ्यपुस्तकों की तैयारी में अध्यापकों की भागीदारी

37. यदि प्राथमिक विद्यालयमें I से V तक की कक्षाओं में 132 छात्रों का नामांकन हुआ है तब शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 (RTE Act) के अनुसार विद्यालय इसके लिए योग्य है ।

(1) पाँच शिक्षक

(2) तीन शिक्षक

(3) चार शिक्षक

(4) छः शिक्षक

38. संविधान के लागू होने के दस वर्ष के भीतर सभी बच्चों को सार्वभौमिक अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करानेवाले थे –

(1) संविधान का प्राक्कथन

(2) अनिवार्य शिक्षा अधिनियम,

(3) माध्यमिक शिक्षा कमीशन

(4) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त

39. 'बोझ के बिना अधिगम' इनका शीर्षक है –

(1) कोठारी कमिटी रपट

(2) यशपाल समिती रपट

(3) अधिगम पर विश्व सम्मेलन

(4) राम मूर्ति कमिटी रपट

40. निम्न दस्तावेज़ विद्यालय पाठ्यक्रम के सामान्य मौलिक तत्वों को दर्शाता है ।

(1) नई तालीम

(2) एन.सी.एफ - एस.ई., 1988

(3) माध्यमिक शिक्षण आयोग 1952-53

(4) एन.पी.ई. - 1986

www.eenadupratibha.net



## PART-III
## CONTENT - HINDI

**41.** 'जबकि तुम्हारे सिर पर केवल कुछ घड़े थे । लेकिन तुमने एक बार भी मेरा स्मरण नहीं किया ।' अध्यापक 'विशेषण' शब्द का उदाहरण वाक्य के इस शब्द से देंगे -

(1) कुछ

(2) तुम्हारे

(3) स्मरण करना

(4) सिर

**42.** 'वाक्य-भेद' के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् छात्र साधारण-वाक्य के लिए यह उदाहरण देंगे -

(1) राम ने कहा कि लक्ष्मण सो गया ।

(2) सुमन किताब देती है ।

(3) अकाल पड़ा इसीलिए लोग भूखे मरने लगे ।

(4) वह जो सोचता है, वह लिख देता है ।

**43.** 'राम से पुस्तक पढ़ी जाती है ।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य रूप है -

(1) राम के द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है ।

(2) राम पुस्तकें पढ़ता है ।

(3) राम पुस्तक पढ़ता है ।

(4) राम से पुस्तक पढ़ती है ।

**44.** 'मनोहर भयभीत होकर उनके पास से हट आया और फिर सतृष्ण नेत्रों से आकाश में उड़ती हुई पतंगों को देखने लगा ।' यह उदाहरण कक्षाकक्ष में अध्यापक इस वाक्य-भेद को समझाने के लिए देंगे -

(1) खंड वाक्य (2) संयुक्त वाक्य

(3) मिश्र वाक्य (4) साधारण वाक्य

**45.** 'दो समीपवर्ती वर्णों के पास-पास आने के कारण उनमें जो विकारसहित मेल होता है, उसे संधि कहते हैं ।' संधि की इस परिभाषा और संधि-संबंधी जानकारी प्राप्त करने के बाद छात्र इस स्वर-संधि के उदाहरण का चयन करेगा ।

(1) ऋ + ण (2) शस्त्रास्त्र

(3) दुष्प्रकृति (4) आ + छादन

**46.** 'सरदार वल्लभभाई पटेल ने आमरण देश की सेवा की ।' इस वाक्य में निहित सामासिक शब्द का प्रकार है -

(1) अव्ययीभाव समास

(2) बहुव्रीहि समास

(3) करण तत्पुरुष समास

(4) कर्मधारय समास

**47.** पिताजी ने रमेश को बहुत समझाया किन्तु उसके ..... । अर्थ के आधार पर रिक्त स्थान की भर्ती के लिए सही मुहावरा चुनिए ।

(1) कान पकड़ना

(2) खरी-खरी सुनाना

(3) आँखों में समाना

(4) कान पर जूँ न रेंगना

**48.** 'एक अनार सौ बीमार' कहावत का अर्थ है -

(1) वस्तु थोडी और चाहनेवाले अधिक

(2) एक बीमार के लिए सौ अनार

(3) जो मिला वही बहुत

(4) एक अनार खाकर सौ लोग बीमार हो गये ।

49. 'वर्तनी' की दृष्टि से सही शब्द है –

(1) अंतर्राष्ट्रीय

(2) सहआनुभूति

(3) क्रीयाकलाप

(4) दृष्टिकोण

50. ........ आप मुझे दो पैसे देंगे ........... मैं एक पैसा खरचूँगा । रिक्त स्थानों के लिए सही प्रयोग रूप है –

(1) यदि, तो

(2) क्या, कि

(3) किंतु, परंतु

(4) क्या, जब

51. मेरा काम सबसे पहले होना ............... ।
रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द है ।

(1) हुआ

(2) सका

(3) किया

(4) चाहिए

52. जो उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा अन्य पुरुष का 'अपने-आप' का बोध कराये, वह सर्वनाम है –

(1) निजवाचक

(2) उत्तम पुरुष व्यक्तिवाचक

(3) निश्चयवाचक

(4) संबंधवाचक

53. अध्यापक ने कक्षा में विशेषण के बारे में बताकर फिर यह परिभाषा असंपूर्ण बतायी ।
'संज्ञा या सर्वनाम के गुण या दोष का बोध करानेवाले शब्द ......... कहलाते हैं । अर्थात् अध्यापक छात्रों को यह व्याकरणांश पढ़ा रहा है –

(1) गुणवाचक विशेषण

(2) परिमाणवाचक विशेषण

(3) सार्वनामिक विशेषण

(4) संख्यावाचक विशेषण

54. मुझे पूरा विश्वास है ....... तुम एक योग्य नागरिक बनने का संकल्प लेकर काम करोंगे । रिक्त स्थान के लिए सही प्रयोग है –

(1) कि (2) लेकिन

(3) तो (4) अगर

55. शाबाश! तुमने अच्छा गाया । यह इस प्रकार का वाक्य है –

(1) संकेतात्मक वाक्य

(2) निषेधात्मक वाक्य

(3) विस्मादिबोधक वाक्य

(4) प्रश्नवाचक वाक्य

56. सुमना किताब देती है । इस वाक्य में उद्देश है –

(1) किताब देती है

(2) सुमना किताब

(3) सुमना

(4) देती है

57. ............ वे प्रधानमंत्री के रूप में अत्यधिक व्यस्त हो गये ......... भी उनका प्रकृति के प्रति आकर्षण वैसा ही रहा । रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(1) जैसा – वैसा

(2) यदि – तो

(3) अगर – तो

(4) जब – तब

58. 'मोहन ने केला और संत्रा खाया ।' वाक्य किसी कार्य या बात के बारे में बताता है । यह इस प्रकार का वाक्य है –

(1) निषेधात्मक

(2) आदेशात्मक

(3) सम्बंधवाचक

(4) विधिवाचक

59. 'मधुशाला', 'मधुबाला' आदि के रचनाकार हरिवंशराय बच्चन मुख्यतः इस वाद से सम्बंधित हैं –

(1) प्रगतिवाद

(2) प्रयोगवाद

(3) रहस्यवाद

(4) हालावाद

60. 'आज मैं बीज हूँ' के रचनाकार ......... को प्रगतिवादी कवियों में प्रमुख माना जाता है ।

(1) सुभद्राकुमारी चौहान

(2) सुमित्रानंदन पंत

(3) महादेवी वर्मा

(4) नागार्जुन

61. 'मुझको न सुख संसार दो' के कवि की रचनाओं में राष्ट्रीय भावनाओं के साथ-साथ छायावादी काव्य लक्षण भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं । वे हैं –

(1) डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(2) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(3) उदयशंकर भट्ट

(4) डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल

62. मैथिलीशरण गुप्त की 'झंकार' की कविताएँ ......... की कविताएँ कही जा सकती है ।

(1) आध्यात्मिक प्रवृत्ति

(2) रहस्यवाद

(3) छायावाद

(4) प्रयोगवाद

63. जयशंकर प्रसाद ने अपने 'कामायनी' काव्य में इनका समन्वय किया है –

(1) भाषावाद

(2) समन्वयवाद

(3) बुद्धिवाद और हृदयवाद

(4) हालावाद

64. आशावाद, रचनात्मक तथा यथार्थवादी दृष्टिकोण से 'उठ, खड़ा हो, आगे बढ़' पाठ के लेखक शिवानंद ने जो विश्लेषण किया है, वह .......... के लिए समान रूप से उपयोगी है ।

(1) समान प्रवृत्ति

(2) प्राचीनतावादी तथा आधुनिक

(3) समाजवादी

(4) नयी रचना

65. कवि और उनकी रचना के आधार पर सही जोड़ी पहचानिए ।
(1) मैथिलीशरण गुप्त – कामायनी
(2) जयशंकर प्रसाद – साकेत
(3) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला – आँसू
(4) सुमित्रानंदन पंत – लोकायतन

66. 'दुबे जी की चिट्ठियाँ' इनके हास्य–व्यंग्यात्मक निबंधों का संग्रह है –
(1) प्रेमचन्द
(2) विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक
(3) भगवती प्रसाद श्रीवास्तव
(4) बाबू राजेन्द्र प्रसाद

67. 'गोपाल शरण सिंह' द्वारा रचित कविता है –
(1) बाबू
(2) चित्रकूट
(3) ज्वाला केतन
(4) प्रभात

68. 'वनों का महत्व' पाठ इनके द्वारा लिखा गया है –
(1) डॉ. दाशरथी
(2) श्री. श्री. प्रकाश
(3) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी
(4) राय कृष्णदास

69. विजय और गोपाल द्वारा किया गया संवाद इस विषय से संबंधित है –
(1) त्योहार
(2) पशु–पक्षी
(3) पर्यावरण और प्रदूषण
(4) फुटबाल मैच

70. अहा, हृदय भी ईश्वर ने क्या वस्तु बनायी है । दूसरों की उत्कट कीर्ति से इसमें ईर्ष्या होती है, जो जितने बड़े हैं, उनकी ईर्ष्या उतनी ही बड़ी है? – यह वाक्य इसने इससे कहा है –
(1) इन्द्र ने नारद से (2) नारद ने इन्द्र से
(3) नारद स्वयं से (4) इन्द्र स्वयं से

71. निम्न में से यह वाक्य 'महाराणा प्रताप' पाठ से संबंधित नहीं है । विषय के आधार पर उत्तर चुनिए –
(1) देश को मत छोड़ वह तुझे छोड़ने के लिए तैयार नहीं ।
(2) तुम्हारा मुकुट इस समय तुम्हारा शत्रु हो गया है ।
(3) मुगल सेना के चतुर सिपाही अपने घोड़ों की परीक्षा ले रहे थे ।
(4) शत्रु से मिले भाई शक्तिसिंह पर उसकी दृढ़ता का जादू चल गया ।

72. कर्तव्य–बोध पाठ में हम यहूदी संत रबी से यह सीखते हैं –
(1) सत्यनिष्ठता (2) परोपकार
(3) दया–भाव (4) कर्तव्यपालन

73. तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में इस भाव को प्रस्तुत किया है –
(1) सत्य
(2) जीवन के आदर्श
(3) गाँधीजी के सिद्धांत
(4) अहिंसा

74. बूँद अघात सहहिं गिरि कैसे? खल के वचन सन्त सह जैसे । इन पंक्तियों में 'संत' की तुलना इससे की गई है –
(1) बूँद
(2) पहाड़
(3) वचन
(4) दुष्ट

75. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी जी ने मुख्यत: इनमें जीवन के महत्वपूर्ण अंशों को उजागर किया है –
(1) कहानियों में
(2) उपन्यासों में
(3) नाटकों में
(4) ललित निबंधों में

76. रहीम ने इस तरह के दोहे लिखे हैं –
(1) नीति, भक्ति, श्रृंगार
(2) नीति, सामाजिक, श्रृंगार
(3) केवल नीति
(4) केवल बाह्याडंबर

77. श्री सुदर्शन ने 'अपनी कमाई' पाठ में पिता का चरित्र-चित्रण ऐसे व्यक्ति के रूप में किया है –
(1) परिश्रमी
(2) बेपरवाह
(3) अनुभवी
(4) दुर्बल

78. रंग-रंग के रूप हमारे, अलग-अलग है क्यारी-क्यारी, लेकिन हम सबसे मिलकर ही इस उपवन की शोभा सारी ।
उपर्युक्त पंक्तियों में इस भाव के दर्शन होते है –
(1) अनेकता में एकता
(2) देशभक्ति
(3) उपवन के रंग
(4) विभिन्नता

79. विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक द्वारा रचित 'माँ' और 'भिखारिणी' हैं –
(1) उपन्यास (2) नाटक
(3) जीवनी (4) कहानी संग्रह

80. 'अशोक का शस्त्र त्याग' पाठ इस साहित्यिक विधा के अन्तर्गत आता है –
(1) पौराणिक नाटक
(2) ऐतिहासिक नाटक
(3) व्यंगात्मक नाटक
(4) सामाजिक नाटक

www.eenadupratibha.net

81. 'संस्मरण' इसकी समीपवर्ती विधा है -
(1) आत्मकथा
(2) निबंध
(3) जीवनी
(4) कहानी

82. इस साहित्यिक विधा में किसी व्यक्ति विशेष के जीवन की स्थूल बाह्य घटनाओं एवं सूक्ष्म अंतवृत्तियों का चित्रण होता है -
(1) जीवनी
(2) घटना वर्णन
(3) निबंध
(4) कहानी

83. प्रायश्चित, कृत्रिम उपग्रह, महारानी लक्ष्मीबाई पाठ क्रमानुसार इस साहित्यिक विधाओं के अन्तर्गत आते है।
(1) एकांकी, निबंध, कहानी
(2) एकांकी, कहानी, निबंध
(3) कहानी, निबंध, जीवनी
(4) कहानी, निबंध, रेखाचित्र

84. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित 'अजातशत्रु' और 'जनमजेय का नागयज्ञ' हैं -
(1) नाटक
(2) उपन्यास
(3) कहानी
(4) निबंध

85. यदि अध्यापक छात्रों को महान् व्यक्तियों के आदर्शों की सीख देना चाहते हैं तो वे इस गद्य विधा को चुनेंगे -
(1) कहानी
(2) जीवनी
(3) उपन्यास
(4) निबंध

86. निम्न में से यह एक गद्य विधा नहीं है -
(1) गद्य पाठ
(2) साक्षात्कार
(3) यात्रा-वृत्तांत
(4) पद्य रचना

87. आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए उपयुक्त संवाद पाठ है -
(1) दूरदर्शन
(2) उगादि
(3) हमारा स्वास्थ्य
(4) शंख और सीप

88. 'दिव्या' उपन्यास के उपन्यासकार हैं -
(1) भगवतीचरण वर्मा
(2) प्रेमचंद
(3) इलाचन्द जोशी
(4) यशपाल



www.eenadupratibha.net

www.eenadupratibha.net


89. 'कबीर' के पद की पंक्ति – 'खोजी होय तो तुरतहि मिलिहौ पलभर की तलास में' में 'तलास' इस भाषा के शब्द से बना है –

(1) फारसी

(2) संस्कृत

(3) ब्रज

(4) अवधी

90. विशाल भवन, एक हाथी, तीन कुत्ते; बाज, बहरी, शिकरे, झाड़ – फानूस, आनरेरी मैजिस्ट्रेटी और ऋण, वह सभी यहाँ विद्यमान थे ।
इस वाक्य में अंग्रेजी शब्द हैं –

(1) बहरी, शिकरे

(2) भवन, बाज

(3) झाड – फानूस

(4) आनरेरी, मैजिस्ट्रेटी

91. 'राजपूतनी का बदला' पाठ के लेखक 'द्विजेन्द्रलाल राय' के इस भाषा में लिखे नाटकों का अनुवाद सभी भाषाओं में हुआ है –

(1) बंगला

(2) गुजराती

(3) राजस्थानी

(4) पंजाबी

92. 'लेकिन कमेटी इसमें क्या कर सकती है? डिप्टी कमिश्नर साहब से दरख्वास्त कीजिए ।'
इस वाक्य पर इस भाषा का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है –

(1) ब्रज (2) उर्दू

(3) मराठी (4) अवधी

93. 'कठुला कंठ, बज्र केहरि नख, राजत रुचिर हिए यह पंक्ति इस भाषा में लिखी गयी है –

(1) ब्रज

(2) अवधी

(3) मैथिली

(4) खड़ी बोली

94. इन्होंने खड़ी बोली हिन्दी को सक्षम अभिव्यंजना रूप प्रदान किया –

(1) उदयशंकर भट्ट

(2) मैथिलीशरण गुप्त

(3) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(4) सुमित्रानंदन पंत

95. वह क्षेत्र, जिनके रहनेवालों की मातृभाषा हिंदी और उसकी बोलियाँ बोली जाती हैं, .......... कहलाते हैं ।

(1) बोलियाँ प्रदेश

(2) मातृभाषा प्रदेश

(3) हिन्दी भाषी प्रदेश

(4) हिन्दी बोलियाँ प्रदेश

96. निर्गुणोपासक कवि 'कबीर' की भाषा में इन भाषाओं का समावेश है –

(1) हिन्दी, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, सिंधि

(2) बंगाली, पंजाबी, सिंधि, गुजराती, हिन्दी

(3) हिन्दी, गुजराती, पंजाबी, सिंधि, ब्रज

(4) ब्रज, गुजराती, हिन्दी, बंगाली, सिंधि

97. 'मीराबाई के पदों' में इन भाषाओं का प्रभाव है –
(1) भोजपुरी, ब्रज
(2) राजस्थानी, भोजपुरी
(3) राजस्थानी, अवधी
(4) ब्रज, राजस्थानी

98. 'कौसानी' जैसे पहाड़ी प्रदेश के लोग क्षेत्रीय प्रभाव के कारण अधिकतर इस बोली में बात करते हैं –
(1) मालवी
(2) डोगरी
(3) बघेली
(4) मेवाती

99. 'तुलसीदास'जी कृत 'वर्षा वर्णन' से ली गयी यह पंक्ति – 'बरसहिं जलद भूमि नियराये, जथा नवहिं बुध विद्या पाये' । इस भाषा में लिखी गयी है –
(1) मैथिली
(2) ब्रज
(3) मगही
(4) अवधी

100. 'विजय में बल और गौरव सिद्धि,
क्षत्रियों के धर्म-धन की वृद्धि'
उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता ने खड़ी-बोली हिन्दी को काव्योचित रूप प्रदान किया है । वे हैं –
(1) सुमित्रानंदन पंत
(2) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(3) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(4) मैथिलीशरण गुप्त

101. 'बचपन से ही उनकी रूचि विज्ञान में थी । वे विज्ञान की नई-नई बातें जानना चाहते थे ।' इस वाक्य में भाववाचक संज्ञा शब्द है –
(1) नयी-नयी बात (2) उनकी
(3) बचपन (4) विज्ञान

102. बीरबल ने सबको बुलाया और पूछा 'तुम लोगों ने पानी क्यों डाला?' इस वाक्य में क्रिया शब्दों की संख्या है –
(1) दो (2) एक
(3) चार (4) तीन

103. ईद ....... दिन सभी लोग मसजिद ....... जाते हैं, वहाँ सम्मिलित रूप ....... नमाज पढ़ते हैं ।
रिक्त स्थानों के क्रमानुसार कारक चिह्न हैं –
(1) के, में, से (2) का, पर, में
(3) के, से, पर (4) का, को, में

104. केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा । उपर्युक्त वाक्य में 'उससे' सर्वनाम का प्रयोग इस संज्ञा शब्द के लिए हुआ है –
(1) कमरा (2) केशव
(3) चौकी (4) स्टूल

www.eenadupratibha.net


**105.** 'मनुष्य की पाशविक शक्ति का पूरा नमूना, लेकिन साथ ही संसार के उज्ज्वल गुणों का पूरा खजाना ।' इस वाक्य में प्रत्यययुक्त शब्द है –

(1) लेकिन

(2) शक्ति

(3) गुणों का

(4) पाशविक

**106.** 'ऐसे ही आश्चर्यजनक और अविश्वसनीय स्थलों में मणिकरण एक है।' इस वाक्य में यह उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है –

(1) अ (2) जनक

(3) मणि (4) नीय

**107.** यह 'मिश्रित वाक्य' का उदाहरण नहीं है –

(1) यह बिल्कुल गलत है कि उसने झूठ बोला ।

(2) राम ने कहा कि लक्ष्मण सो गया ।

(3) मैं राम को अच्छी तरह जानता हूँ जो गोपाल का मित्र है ।

(4) मैं चली गयी फिर राम आया ।

**108.** छठी कक्षा का अध्यापक व्याकरण के इस अंश को पढ़ाते समय निम्न वाक्य का उदाहरण देगा – 'हाथी मंदगति से चलता है ।'

(1) समुच्चयबोधक

(2) विशेषण

(3) सर्वनाम

(4) क्रिया विशेषण

**109.** 'बहुवचन' के बारे में समझाते समय अध्यापक कक्षाकक्ष में यह उदाहरण देगा –

(1) लड़के मैदान में खेल रहे हैं ।

(2) रवि अच्छा लड़का है ।

(3) सीता सातवीं कक्षा में पढ़ती है ।

(4) राम कल दिल्ली जाएगा ।

**110.** दूसरों ........ थोड़ा बहुत परिश्रम अवश्य करो । रिक्त स्थान के लिए सही विभक्ति का कारक है –

(1) अधिकरणकारक

(2) करणकारक

(3) संबंधकारक

(4) संप्रदानकारक

**111.** 'मैं जा रहा हूँ ।' इस वाक्य में यह काल है –

(1) संदिग्ध वर्तमानकाल

(2) सामान्य वर्तमानकाल

(3) अपूर्ण वर्तमानकाल

(4) अपूर्ण भूतकाल

**112.** 'संज्ञा' व्याकरणांश की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात् छठी कक्षा का छात्र 'आम का पेड़ जब सूख जाता है तो ईंधन के रूप में उसका उपयोग करते हैं ।' – इस वाक्य में इन संज्ञा शब्दों का चयन करता है –

(1) रूप, पेड़, सूख

(2) आम, पेड़, उपयोग करना

(3) आम, पेड़, ईंधन

(4) ईंधन, सूख, रूप

113. 'इन्होंने बहुत ही सादा जीवन व्यतीत किया।' – इस वाक्य में रूपांतरित यह शब्द है –
(1) वे + ने
(2) ये + ने
(3) आप + ने
(4) वह + ने

114. 'सरदार पटेल ने देश की कई समस्याओं को सुलझाया।' इस वाक्य को, पढ़ने के बाद बालक 'सुलझाना' शब्द का यह विलोम शब्द बतलाएंगे –
(1) बुझाना (2) उलझाना
(3) असुलझाना (4) खिझाना

115. 'अतिथि कहीं जब आ जाता है, वह आतिथ्य यहाँ पाता है।' अध्यापक ग्राम्य जीवन कविता की यह पंक्ति पढ़ाते समय 'अतिथि' के ये पर्यायवाची शब्द बताएगा –
(1) अभ्यागत, पाहुँन
(2) दनुज, दक्ष
(3) भूप, त्रिदश
(4) मेहमान, आहत

116. 'जिसकी कल्पना न की जा सके' – इस वाक्यांश के लिए सही अर्थ-सूचक शब्द है –
(1) कल्पनीय (2) सोचनीय
(3) काल्पनिक (4) अकल्पनीय

117. कक्षाकक्ष में 'भिन्नार्थ' के बारे में पढ़ाते समय उदाहरण के रूप में अध्यापक इस शब्द का चयन करेगा –
(1) कल
(2) आँख
(3) घर
(4) आज

118. 'तत्सम', 'तद्भव' शब्दों की जानकारी प्राप्त करने के पश्चात्, अध्यापक द्वारा श्यामपट पर लिखे तत्सम, तद्भव शब्दों में से छात्र इस तत्सम शब्द को चुनेगा –
(1) हिय (2) नैना
(3) जड़मति (4) हेत

119. 'मेघ आए, बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली।'
उपर्युक्त पंक्तियाँ पढ़ाते समय अध्यापक 'बयार' का 'तत्सम' रूप यह बताएगा –
(1) नदी (2) वायु
(3) मछली (4) बादल

120. 'जैसे कोई और हो' पाठ के इन वाक्यों – बिलकुल वही सरकारों-सा। पहले लेट हुई। फिर ओवरलोड हो गई।' में कुछ इस भाषा के शब्द भी हैं –
(1) अंग्रेजी
(2) संस्कृत
(3) तमिल
(4) गुजराती

121. आठवीं कक्षा का छात्र 'तत्सम', 'तद्भव' शब्दों का अर्थ जानने के पश्चात् तत्सम-तद्भव शब्द की जोड़ियों में से इस सही जोड़ी को पहचानेगा –
(1) अग्नि – अन्न
(2) आज्ञा – आम
(3) पक्ष – रात
(4) कर्ण – कान

122. 'सुमित्रा ने बेटे की ओर देखा।' इस वाक्य में संबंध सूचक शब्द है –
(1) की ओर (2) ने
(3) देखा (4) की

प्र.क्र.123-128. निम्नलिखित गद्यांश पढ़िए । पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

मनुष्य के पास करुणा एक ऐसा भाव हैं, जो वास्तविक रूप से उसे मनुष्य बनाता है । करुणा का भाव जिस मनुष्य में जितना अधिक होगा, वह उतना ही उदात्त मानव बनता जाएगा । संतों के स्वभाव की चर्चा करते हुए गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है – कवियों ने संतों के स्वभाव को नवनीत जैसा कहा; किन्तु संतों के लिए वह उपमा भी कम पड़ जाती है । करुणा के भीतर दु:खी मनुष्य के दु:ख से प्रभावित होने की भावना भी हैं और उसकी सहायता की क्रियाशीलता ने ही समाज-संरचना में अपनी प्रमुख भूमिका निभायी है । हमारे जीवन के विस्तृत कर्मक्षेत्र में करुणा के माध्यम से ही सामाजिक जीवन के नैतिक आदर्शों की प्रस्तुति संभव हो पायी है । विश्व में जितने भी महापुरुष और अवतार हुए हैं, उनमें करुणा का भाव सर्वोपरि था ।

**123.** मनुष्य को मनुष्य बनानेवाला भाव है –

(1) दुख

(2) करुणा

(3) नैतिक

(4) आदर्श

**124.** कवियों ने संतों के स्वभाव को इसके समान कहा –

(1) मक्खन

(2) उपमा

(3) दु:खदायक

(4) सामाजिक जीवन

**125.** करुणा का भाव जिस मनुष्य में जितना अधिक होगा, वह उतना ही ............. ।

(1) नैतिक बनता

(2) समाज-संरचना में भाग नहीं लेगा

(3) प्रभावित होगा

(4) उदात्त मानव बनता जाएगा

**126.** करुणा का भाव इनमें सर्वोपरि था –

(1) महापुरुषों में

(2) जनसामान्य में

(3) मनुष्य में

(4) जीवन में

**127.** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है –

(1) करुणा से मुक्त

(2) सामाजिक जीवन आदर्श

(3) करुणा का महत्व

(4) समाज संरचना

**128.** ............. ने समाज-संरचना में अपनी प्रमुख भूमिका निभायी है ।

(1) गोस्वामी तुलसीदास

(2) सहायता की क्रियाशीलता

(3) नैतिक आदर्श

(4) दुःखी मनुष्य

www.eenadupratibha.net

C

# PART-IV
## TEACHING METHODOLOGY - HINDI

**129.** पाणिनी के अनुसार उच्चारण के पूर्व ......... का ज्ञान होना चाहिए ।
(1) उच्चारण
(2) ध्वनि
(3) शब्दार्थ
(4) वाच्य

**130.** शुद्धोच्चारण से संबंधित एक सही विशेषता पहचानिए -
(1) गाना
(2) मौन रूप में उच्चारण करना
(3) धैर्य
(4) दबे स्वर में पढ़ना

**131.** शिक्षाशास्त्रियों के मतानुसार सस्वरवाचन की पहली अवस्था है -
(1) अपरिचित शब्दों का अर्थ स्वयं समझना
(2) स्वतंत्र रूप से पढ़ने का अभ्यास
(3) मनोरंजन तथा ज्ञान-प्राप्ति
(4) मौखिक रचना तथा वार्तालाप का अच्छा अभ्यास

**132.** कक्षा-कक्ष में शिक्षक पाठ संबंधी मुख्य अंश बोलता जाता है और बालक लिखते जाते हैं । यह है -
(1) श्रुतलिपि
(2) अनुलिपि
(3) सुलिपि
(4) प्रतिलिपि

**133.** अक्षर विन्यास की दृष्टि से सही शब्द है -
(1) अनाथा
(2) अलस्यता
(3) हसँना
(4) बिसतर

**134.** शिरोरेखा खिंचते समय थोडीसी असावधानी होने से लेखन कार्य में वर्तनी का दोष पाया जाता है । ये हैं -
(1) ड इ (2) भ म
(3) र ख (4) प ष

**135.** किसी ध्वनि का अल्प उच्चारण या अति उच्चारण करने को कहते हैं -
(1) ध्वनि-लोपन
(2) ध्वनि-विकृति
(3) ध्वनि-ज्ञान
(4) ध्वनि-विपर्यय

**136.** ब्लूम द्वारा विकसित ज्ञानात्मक क्षेत्र का उच्चस्तरीय वर्ग है -
(1) प्रयोग
(2) ज्ञान
(3) मूल्यांकन
(4) संश्लेषण

www.eenadupratibha.net

**137.** इस पाठ-शिक्षण में शिक्षक द्वारा पुनः आदर्शवाचन किया जाता है –
(1) कविता-पाठ
(2) रचना-पाठ
(3) व्याकरण-पाठ
(4) निबंध-पाठ

**138.** हिन्दी शिक्षक दसवीं कक्षा के व्याकरण-पाठ 'उपसर्ग और प्रत्यय' को कक्षा-कक्ष में बार-बार सुनाना चाहते हैं । अपने मौखिक शिक्षण-कार्य को वे इसकी सहायता से सुरक्षित रख सकते हैं –
(1) चित्रपट (2) श्यामपट
(3) ध्वनिलेख (4) नभोवाणी

**139.** कुछ आवश्यक तथा आकर्षक चित्रों के सहारे बालकों से एक कहानी बनवायी जाती है । आवश्यकतानुसार अध्यापक भी बीच-बीच में पूर्ति करता जाता है । यह विधि है –
(1) शब्दचित्र
(2) चित्र प्रदर्शन
(3) चित्रखेल
(4) चित्ररचना

**140.** इनमें से लिखित अभिव्यक्ति के रूप हैं –
(1) कवितापठन, भाषण
(2) संवाद, वार्तालाप
(3) आकाशवाणी के कार्यक्रम, जीवन-चरित्र
(4) प्रार्थना-पत्र, आत्मकथा

**141.** न्यूनतम अधिगम स्तर की आधारभूत विशेषता है –
(1) औपचारिकता
(2) संप्रेषणीयता
(3) भाषा
(4) अनौपचारिकता

**142.** पाठ्यपुस्तक का यह एक आन्तरिक गुण है –
(1) आवरण
(2) मुद्रण
(3) जिल्द
(4) अभ्यास

**143.** यदि छात्रों को सूचनाएँ प्रदान करना ही हमारा ध्येय हैं, तो इस प्रकार के पाठ्यक्रम का अधिकांश भाग उपयुक्त माना जा सकता हैं –
(1) बाल-केन्द्रित पाठ्यक्रम
(2) विषय-केन्द्रित पाठ्यक्रम
(3) शास्त्रीय पाठ्यक्रम
(4) क्रिया-प्रधान पाठ्यक्रम

**144.** अध्यापक को अपना पाठ तैयार करने के लिए आवश्यक ............. पुस्तकालय में उपलब्ध होते हैं ।
(1) संदर्भ ग्रंथ
(2) सूचनाएँ
(3) विज्ञापन
(4) पत्र

www.eenadupratibha.net

**145.** बालक भाषा का ज्ञान अनुकरण के द्वारा सीखता है । यह इस सहगामी क्रिया द्वारा अधिक संभव होता है –

(1) नाटकीय क्रिया

(2) सामाजिक क्रिया

(3) अंत्याक्षरी प्रतियोगिता

(4) संग्रहालय

**146.** जब मूल्यांकन के द्वारा पूर्व–निर्धारित उद्देश्यों की परीक्षा की जाती है, तो उसे कहते हैं –

(1) उद्देश्य आधारित मूल्यांकन

(2) सतत समग्र मूल्यांकन

(3) निरंतर उद्देश्य मूल्यांकन

(4) समग्र मूल्यांकन की अवधारणा

**147.** 'पर्यावरण और प्रदूषण' पर एक सारगर्भित लेख लिखिए ।' इस प्रश्न के उत्तर में यह अधिक होती हैं –

(1) वस्तुनिष्ठता

(2) व्यक्तिनिष्ठता

(3) क्रियात्मक पद्धति

(4) संक्षिप्तता

**148.** आठवीं कक्षा के 40 छात्रों में 25 छात्र पढ़ाई में बहुत कमजोर हैं । कमजोर छात्रों के कारणों का पता लगाने के लिए यह परीक्षा ली जाती हैं –

(1) प्रगति प्रतिवेदन

(2) मूल्यांकन

(3) उपचारात्मक

(4) निदानात्मक

**149.** हिन्दी शिक्षक द्वारा नौवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में पाठ्यक्रम के संपूर्ण अंश की परीक्षा ली जाती है । परीक्षा की यह विशेषता है –

(1) विश्वसनीयता

(2) वैधता

(3) विभेदीकरण

(4) व्यापकता

**150.** अध्यापक द्वारा रखी गयी उपलब्धि–परीक्षा के साधारण समूह के मध्य का अंक होता है –

(1) मध्योच्च अंक (2) सर्वोच्च अंक

(3) मध्य निम्नांक (4) निम्नतम अंक

www.eenadupratibha.net

151. भाषा के दो-दो रूपों में से गलत उत्तर पहचानिए -
(1) स्थाई भाषा - अस्थाई भाषा
(2) उच्चरित भाषा - लिखित भाषा
(3) व्यक्त भाषा - अव्यक्त भाषा
(4) मौखिक भाषा - उच्चरित भाषा

152. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार मंडल द्वारा बनाये गये त्रिभाषा सूत्र को भारत सरकार ने ........ में स्वीकार किया ।
(1) 1956 (2) 1957
(3) 1948 (4) 1953

153. जो हिन्दी अध्यापक हिन्दी भाषा को बोलने, पढ़ने और लिखने में निपुण होते हैं, उनमें यह विशिष्टता आती है -
(1) हिन्दी साहित्य में रुचि
(2) हिन्दी साहित्य की जानकारी
(3) हिन्दी भाषा पर अधिकार
(4) साहित्य सृजन

154. 'अच्छा शिक्षण आदेश के बजाय सुझाव के आधार पर आगे बढ़ता है ।' यह कथन इन्होंने लिखा है -
(1) प्रेसी और रॉबिन्सन
(2) योकम और सिम्पसन
(3) जेम्स यल मरसेल
(4) क्रो और क्रो

155. सही जोड़ी पहचानिए -
(1) विवरण प्रणाली - शाब्दिक चित्र बनाने की प्रक्रिया
(2) वर्णन प्रणाली - तथ्यों का स्पष्टीकरण
(3) व्याख्यान - क्रमबद्ध घटनाओं का वर्णन
(4) तुलना - एक तथ्य को दूसरे के साथ रखना

156. ............. के अनुसार प्रायोजना पद्धति में योजना छोटी या बड़ी हो सकती है ।
(1) विद्यार्थियों की संख्या तथा उनकी क्षमता
(2) शैक्षिक वातावरण
(3) समस्या समाधान तथा मूल्यांकन
(4) उद्देश्य

157. यदि शिक्षक विशिष्ट उदाहरणों से सामान्य सिद्धान्त की ओर बढ़ते हुए व्याकरण पाठ समझाएगा, तो वे अपने शिक्षण में इस विधि का अनुसरण करेगा -
(1) समन्वय विधि (2) सूक्ष्म शिक्षण विधि
(3) आगमन विधि (4) निगमन विधि

158. यदि बालक 'संज्ञा' के बारे में जानता है, तो इस ज्ञान के आधार पर सर्वनाम और विशेषण के बारे में भी बताया जा सकता है । कक्षा-कक्ष का यह शिक्षण सूत्र है -
(1) अनुभव से तर्क की ओर
(2) पूर्ण से अंश की ओर
(3) प्रत्यक्ष से अप्रत्यक्ष की ओर
(4) ज्ञात से अज्ञात की ओर

159. मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त पर आधारित क्रियात्मक विधि बालक की क्रिया-चेतना के तीन स्तरों को प्रभावित करती हैं । वे हैं -
(1) निर्णयात्मक, प्रत्ययात्मक और प्रत्यक्षात्मक
(2) चिन्तनात्मक, निर्णय और रुचि संकल्प
(3) आत्म-क्रिया, आत्म-स्वतंत्रता और आत्म-चेतना
(4) सृजनात्मक, चेतनात्मक और रुच्यात्मक

160. 'ऐसे बालकों का मिलना प्रायः असंभव है, जिनके सब कार्यों और चारित्रिक गुणों में एकरूपता हो।' यह कथन इस सिद्धान्त का है -
(1) वैयक्तिक विभिन्नताओं का सिद्धान्त
(2) चयन का सिद्धान्त
(3) नियोजन का सिद्धान्त
(4) विभाजन का सिद्धान्त